# प्रसार भारती

## आकाशवाणी शिमला

## 01.11.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे

### प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सभी के प्रयासों से देश विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व को फिर से परिभाषित कर रहा है और एक आत्मविश्वास से परिपूर्ण आत्मनिर्भर भारत अब दुनिया को प्रेरित कर रहा है। इस क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में हुई प्रगति को लेकर केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के एक लेख को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत डिजिटल इंडिया से लेकर डीप टेक, चंद्रयान से लेकर जैव–अर्थव्यवस्था और अन्य क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित कर रहा है।

.....................................................................

### शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि कांगड़ा जिला के लुथान में 85 करोड़ रूपए की लागत से निर्माणाधीन सुखाश्रय परिसर में करीब 4 सौ निराश्रित महिलाओं, बच्चों और वृद्धजनों के लिए रहने की सुविधा मिलेगी। लुथान में आज परिसर में निर्माण कार्यों का जायजा लेने के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को इसके निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। धनीराम शांडिल ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार अनाथ बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ये सुनिश्चित कर रही है कि अनाथ बच्चे भी समाज के अन्य बच्चों की तरह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा भी प्रदान किया है।

.....................................................................

### जीएस.टी

जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के लोगों को लाभ हो रहा है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में सुधार के साथ इस उत्सव की शुरुआत की थी। इन सुधारों से इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में लोगों को काफी लाभ पहुंचा है।
एक रिपोर्ट–––

*नई जीएसटी सुधारो ने कर के बोझ को काम करके और प्रमुख उपकरणों को अधिक किफायती बनाकर इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को बड़ी राहत प्रदान की है। अब टेलीविजन, मॉनिटर और प्रोजेक्टर पर 28: की बजाय 18: जीएसटी लगेगा, जिससे घरों, स्कूलों और कार्यालय की लागत कम हो जाएगी। इसी प्रकार एयर कंडीशनर और डिशवॉशर पर कर की दर 28: से घटकर 18: कर दी गई है, जिससे घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स अधिक नागरिकों के लिए सुलभ हो गए हैं। वहीं सौर पैनल और कंपोस्टिंग मशीन जैसे नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण जिन पर पहले 12: जीएसटी लगता था अब 5: कर स्लैब में आ गए हैं। जिससे हरित विकास और स्थिरता को बढ़ावा मिल रहा है। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए नई*

*दिल्ली के एक इलेक्ट्रॉनिक डीलर पंकज पांडे ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर जीएसटी में कमी से बिक्री में वृद्धि हुई है और अब उपभोक्ता इन वस्तुओं पर 3 से 4 हजार तक की बचत कर रहे हैं।*

---

**भारत–स्वास्थ्य रिकॉर्ड**

भारत ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत तीन गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाये हैं। 17 सितंबर से दो अक्तूगबर तक चले इस अभियान में अभूतपूर्व सामुदायिक भागीदारी रही। इस पहल से कई रिकॉर्ड बने, जिसमें एक महीने में स्वास्थ्य सेवा प्लेटफ़ॉर्म पर पंजीकरण कराने वाले तीन करोड़ 21 लाख से अधिक लोग शामिल हैं। अभियान में एक सप्ताह में नौ लाख 94 हज़ार से ज्यादा महिलाओं ने स्तन कैंसर की ऑनलाइन जाँच के लिए पंजीकरण कराया जो एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा, राज्य स्तर पर एक सप्ताह में रिकॉर्ड एक लाख 25 हजार लोगों ने विभिन्नो रोगों के लक्षणों की जांच के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि इस अभियान में 20 से ज्यादा मंत्रालयों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसमें केंद्र सरकार के संस्थान, मेडिकल कॉलेज और निजी संगठन शामिल थे। इस अभियान में 5 लाख से ज्यादा पंचायती राज प्रतिनिधियों, एक करोड 14 लाख स्कूल और कॉलेज के छात्रों, 94 लाख स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों और 5 लाख अन्य सामुदायिक केन्द्रों के सदस्यों ने भाग लिया। ये उपलब्धियां भारत के सामूहिक प्रयास का प्रमाण हैं, जिसमें सरकारी प्रणाली, डिजिटल स्वास्थ्य नवाचार और सामुदायिक भागीदारी को मिलाकर एक स्वस्थ महिला, सशक्त परिवार और विकसित भारत का निर्माण किया गया है।

---

**प्रतियोगिता**

चंबा में आयोजित 40वीं राज्य स्तरीय अंडर–14 खेलकूद प्रतियोगिता में प्रदेश के करीब 6 सौ खिलाड़ी खो–खो, कब्बडी सहित विभिन्न स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों ने बताया कि वे प्रतियोगिता को लेकर काफी उत्साहित हैं और अच्छा प्रदर्शन करेंगे ताकि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता मे उनका चयन हो सके।

बाईट– खेल प्रतिभागी

**हम यहां चंबा से आए है स्टेट का मैच खेलने के लिए। हम यहां पार्टीसिपेट कर रहे हैं खो–खो में। हमारा अगला मैच है खो–खो का किन्नौर के साथ और हम जीतेंगे और पूरे सिरमौर का नाम रौशन करेंगे।**

**महोत्सव**

किन्नौर जिला के रिकांगपिओ में इन दिनों राज्यस्तरीय किन्नौर महोत्सव चल रहा है। इस दौरान सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कलाकार लोगों का खूब मनोरंजन कर रहे हैं। इस दौरान स्थानीय कलाकारों के अलावा राष्ट्रीय जनजातीय उत्सव के तहत बिहार व उत्तराखंड राज्यों के कलाकारों ने थारो होली नृत्य पेश कर अपनी–अपनी जनजातीय प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

---